# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामकरण पुत्र रामहेत बैरवा ग्राम चीमापुरा पो0 कौलाना, तहसील बसवा, जिला दौसा (राज0)– 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा

अपील सं0 70/2017

<u>निर्णय</u> दिनांक 18.12.2017

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा को दिनांक 21.10.2017 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा/उपखण्ड अधिकारी, बॉदीकुई/तहसीलदार, बसवा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलेक्टर, दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2017/1834 दिनांक 12.12.17 द्वारा अवगत कराया कि उनके यहॉ उक्त आवेदन पत्र प्राप्त होने पर सूचना दिलाये जाने हेतु उनके द्वारा पत्र क्रमांक: आरटीआई/2017/1055– 1058 दिनांक 26.10.2017 द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, दौसा एवं प्रभारी अधिकारी (राजस्व) कलक्ट्रेट, दौसा को पत्र भिजवाया गया था। प्रभारी अधिकारी (राजस्व) कलक्ट्रेट, दौसा द्वारा उनके यू0ओ नोट क्रमांक: 8676 दिनांक 15.11.2017 द्वारा अवगत कराया गया है कि चाही गई सूचना प्रश्नात्मक है और विकास अधिकारी, पंचायत समिति, बॉदीकुई से संबंधित होने के कारण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, दौसा से अपेक्षित है। साथ ही उक्त सूचना हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, दौसा जिम्मेदार होना अवगत कराते हुए अपील निरस्त करने का निवेदन किया है। पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। ऐसी स्थिति में यदि आवेदक को उक्त सूचना की आवश्यकता है, तो वे विकास अधिकारी, पंचायत समिति, बॉदीकुई या जिला परिषद, दौसा से प्राप्त कर सकते है। इस प्रकरण में इस कार्यालय द्वारा कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है। अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा